भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 739
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तारपुरा हवाई पट्टी

739. श्री अमरा राम:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार के पास सीकर जिले में तारपुरा हवाई पट्टी को विमानपत्तन में परिवर्तित करने के लिए क्या कार्य योजना है;

(ख) क्या सरकार का पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तारपुरा हवाई पट्टी से हवाई सेवाएं शुरू करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): तारपुरा हवाईपट्टी, राजस्थान, क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उडान) दस्तावेज़ में असेवित हवाईपट्टियों/हवाईअड्डों की अस्थायी सूची में उपलब्ध है।

उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार, वैध बोली के माध्यम से इसकी पहचान करके और चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को अवार्ड करके असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन किया जाता है।

किसी भी एयरलाइन ने अब तक आयोजित पांच बोली प्रक्रिया चरणों के पूरा होने तक तारपुरा हवाईपट्टी से आरसीएस उड़ानों को परिचालित करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। इस प्रकार, इस योजना के तहत इसके पुनरुद्धार के लिए हवाईपट्टी को शामिल नहीं किया गया है। हवाई सेवाओं को आरंभ किया जाना हवाईअड्डे के तैयार होने पर निर्भर करता है।

*****